Title: Need to provide relief to the people affected due to severe Cyclone in Gonda district, Uttar Pradesh.

श्री कीर्ति वर्धन सिंह (गोंडा) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान उत्तर प्रदेश के गौंडा जिले के करनैल गंज एवं तरबंगज तहसील क्षेत्र में दिनांक 4 और 5 जून को आये भयंकर तूफान की ओर ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। इस तूफान में कई लोग मारे गये तथा हजारों लोगों के घर तबाह हो गये हैं।

अतः सरकार से मेरा अनुरोध है कि एक केन्द्रीय जांच दल तूफान प्रभावित इलाकों में भेजा जाये जो वहां हुए जान-माल के नुकसान का जायजा ले और राज्य सरकार से मिलकर उचित केन्द्रीय सहायता तूफान पीड़ित लोगों को दी जाये।